# डेयरी सेक्टर में मिले 25 हजार करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव

## दुग्ध विकास मंत्री ने बताया कि 23 हजार करोड़ के हुए एमओयू

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए डेयरी क्षेत्र में निवेश के लिए 25 हजार करोड़ रुपये के प्रस्ताव मिले हैं। इनमें 23 हजार करोड़ के एमओयू हो चुके हैं। वे मंगलवार को पशुपालन निदेशालय में समिट की तैयारी को लेकर डेयरी सेक्टर से जुड़े उद्यमियों, निवेशकों के साथ वर्चुअल बात कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि सिर्फ पशुधन सेक्टर में 844 करोड़ के एमओयू हुए हैं। उन्होंने निवेशकों से समिट में भाग लेने और निवेश करने की अपील की। कहा, यूपी देश दुग्ध उत्पादन में पहले स्थान पर है। यह पूरे देश का 16 प्रतिशत दुग्ध उत्पादन करता है। इस दौरान मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट, कोल्ड चेन एवं दुग्धशाला में नवीन तकनीक स्थापित करने वाले निवेशक तथा कैटल फीड प्लांट स्थापित करने वाले निवेशकों के अतिरिक्त नीदरलैंड से अरविंद कुलश्रेष्ठ तथा सिंगापुर से ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव ने निवेश पर चर्चा की।

## बरेली में 14 हजार करोड़ के करार

### औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता बोले, उद्यमियों को परेशान करने वालों पर होगी कार्रवाई

**बरेली।** प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन तक पहुंचाने के लिए बरेली के उद्यमी उत्साहित हैं। आईएमए ऑडिटोरियम में मंगलवार को आयोजित बरेली इन्वेस्टर्स एवं निर्यातक शिखर सम्मेलन में 14 हजार करोड़ के निवेश संबंधी करार हुए। मुख्य अतिथि औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने उद्यमियों को सरकार की ओर से हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में सेक्टर आधारित निवेश प्रस्तुतीकरण में फूड प्रोसेसिंग, प्रोग्रेसिव फार्मर, डेयरी, टेक्सटाइल, पर्यटन, इलेक्ट्रिक वाहन, बायो एनर्जी, फार्मा मेडिका से जुड़े बड़े उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि ने माइक्रो, मीडियम, स्माल यूनिट में पांच-पांच और लार्ज यूनिट में दस निवेशकों को सम्मानित किया। मिनी व माइक्रो यूनिट के 80 अन्य उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र दिए गए। ब्यूरो

## ऊर्जा क्षेत्र में 3.40 लाख करोड़ का निवेश

### यूपीनेडा ने 2.20 लाख करोड़ का हासिल किया निवेश

**लखनऊ।** प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र में अब तक 3.40 लाख करोड़ का निवेश हुआ है। इसमें यूपीनेडा ने 2.20 लाख करोड़ और ऊर्जा विभाग ने एक लाख करोड़ के लक्ष्य के सापेक्ष 1.20 लाख करोड़ का निवेश हासिल किया है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर ऊर्जा क्षेत्र में निवेशकों का काफी उत्साह दिख रहा है। यूपीनेडा को पहले 40 हजार करोड़ का लक्ष्य मिला था। बाद में इसे बढ़ाकर 60 हजार करोड़ कर दिया गया। लेकिन निवेशकों ने प्रदेश की बेहतरीन व्यवस्था को देखते हुए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्थिति यह है कि यूपीनेडा को कुल 229 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो 3.45 लाख करोड़ के हैं। इनमें 2.20 लाख करोड़ के 154 निवेश प्रस्तावों का एमओयू हो चुका है। अन्य पर बातचीत चल रही है। इसी तरह ऊर्जा विभाग को 1.20 लाख करोड़ से ज्यादा के 10 एमओयू प्राप्त हुए हैं। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने संभावित निवेशकों को विभाग एवं बायो ऊर्जा पॉलिसी 2022 एवं सौर ऊर्जा पॉलिसी 2022 की जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा निवेश की अपील की है। ब्यूरो